डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE- 96 /DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/2023–24 दिनांकः– 19. मई, 2023

**बैक पेपर एवं फाइनल बैक पेपर (विषम अधिसत्र) परीक्षा–मई, 2023**
**के लिये ऑन–लाइन आवेदन हेतु आवश्यक सूचना**

विश्वविद्यालय पत्रांक–सी.ओ.ई.–59, दिनाँक 03.05.2023 द्वारा विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान में बैक पेपर एवं फाइनल बैक पेपर (विषम अधिसत्र) परीक्षाओं के आयोजन कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके क्रम में विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन–लाइन बैक पेपर एवं फाइनल बैक पेपर (विषम अधिसत्र) परीक्षा आवेदन–पत्र दिनाँक 08.05.2023 से दिनाँक 15.05.2023 तक आमंत्रित किये गये थे, जिसके पश्चात् ऑन–लाइन आवेदन आमंत्रित किये जाने की अन्तिम तिथि को दिनाँक 18.05.2023 तक विस्तारित किया गया था।

तद्क्रम में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उपर्युक्तानुसार बैक पेपर एवं फाइनल बैक पेपर (विषम अधिसत्र) परीक्षा माह मई, 2023 के लिये अर्ह विद्यार्थियों हेतु **निर्धारित ऑन–लाइन आवेदन तिथि को विद्यार्थियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनाँक 22.05.2023 तक विस्तारित किया जाता है। पूर्व में निर्गत सूचना द्वारा प्रदत्त दिशा–निर्देशों के अनुसार ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन दिनाँक 22.05.2023 तक भरना सुनिश्चित करें।**

शेष शर्तें एवं व्यवस्थाएं पूर्ववत् रहेंगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/समन्वयक को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से विद्यार्थियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
6. शाखा प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, मोहान रोड, लखनऊ।
7. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. कोर्स–कोआडिनेटर, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय से कि विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी समस्त संलग्नकों सहित, को अपने संस्थान में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 24.05.2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
9. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि विभागीय विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी संलग्नकों सहित, को विभाग में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 24.05.2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
10. प्रतिनिधि सम्बद्ध एजेन्सी एवं परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ एवं अनुभाग को अनुपालनार्थ।
11. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

19/5/23
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक